पश्चिम मध्य रेल
West Central Railway

महाप्रबंधक कार्यालय
जनसम्पर्क विभाग
जबलपुर

# पश्चिम मध्य रेल में चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान

जबलपुर 04 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के उल्लास को स्वच्छता अभियान से जोड़ते हुए रेलवे ने 1 अगस्त से 15 अगस्त, 2025 तक देशभर के स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की है। जिसमें फेज-1 में आगामी 15 दिनों का स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलेगा। इसके बाद 16 अगस्त से अक्टूबर तक फेज-2 में स्वच्छता का ये कार्यक्रम चलेगा। इस अभियान के दौरान देश भर के रेलवे स्टेशनों में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा जागरूकता रैली एवं श्रमदान भी किया जायेगा।

इसी कड़ी में फेज-1 में पश्चिम मध्य रेल के तीनों मण्डलों पर भी इस अभियान की शुरुआत करते हुए रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पश्चिम मध्य रेल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर श्रमदान के माध्यम से व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके आलावा स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से यात्रियों में जागरूकता पैदा करने के लिए स्टेशनों पर नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया जाएगा।

**जबलपुर मण्डल:-** प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री एम विजय कुमार के मार्गदर्शन एवं मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल कुमार तलरेजा निर्देशन में मंडल द्वारा 15 दिवसीय स्वच्छता अभियान दिनांक 01 अगस्त से 15 अगस्त तक चलाया जा रहा हैं | इस अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत यांत्रिक विभाग द्वारा जबलपुर, कटनी, सतना एवं रीवा स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान से सम्बंधित कार्यशालायें व ट्रेनिंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों द्वारा स्वच्छता की शपथ लेने के साथ ही लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा हैं।

**भोपाल मण्डल :-** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मंडल में 01 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक "स्वच्छता पखवाड़ा" का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान की शुरुआत मंडल कार्यालय परिसर में स्वच्छता शपथ के साथ की गई, जहाँ मंडल रेल प्रबंधक श्री देवाशीष त्रिपाठी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मंडल के सभी स्टेशनों, डिपो कार्यालयों, लोको शेड, कॉलोनियों एवं विभागीय परिसरों में भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एकजुट होकर स्वच्छता की शपथ ली। पखवाड़े के दौरान प्रत्येक दिन अलग-अलग स्वच्छता जागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इसमें स्टेशनों, प्लेटफॉर्म, ट्रेनों, पटरियों, स्टेशन परिसरों, कार्यालयों, शौचालयों एवं जल स्रोतों की गहन सफाई की जा रही है। साथ ही यात्रियों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु बैनर, पोस्टर, उद्घोषणा प्रणाली एवं सोशल मीडिया माध्यमों से संदेशों का प्रसारण किया जा रहा है। रेलवे कर्मियों ने इस अवसर पर हर सप्ताह कम से कम 2 घंटे का स्वैच्छिक श्रमदान करने का भी संकल्प लिया है।

**कोटा मण्डल:-** मंडल में 01 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक "स्वच्छता पखवाड़ा" का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान की शुरुआत मंडल कार्यालय परिसर में स्वच्छता शपथ के साथ की गई, जहाँ मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिल कालरा ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मंडल के सभी स्टेशनों, डिपो कार्यालयों, लोको शेड, कॉलोनियों एवं विभागीय परिसरों में भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एकजुट होकर स्वच्छता की शपथ ली। पखवाड़े के दौरान प्रत्येक दिन अलग-अलग स्वच्छता जागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

स्वच्छता पखवाड़े की यह पहल न केवल स्वच्छ भारत मिशन को बल प्रदान करेगी बल्कि पर्यावरणीय जागरूकता एवं यात्री सुविधा में भी सकारात्मक परिवर्तन लाएगी।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/274/2025 दिनांक 04.08.2025

सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर